### एक नजर में

## 8 दिवसीय जीवन संस्कार शिविर में बच्चों को दिए जा रहे धार्मिक और नैतिक संस्कार



**मंदसौर।** श्री केसरियाजी जैन गुरुकुल, स्टेशन रोड, चित्तौड़गढ़ में 24 मई से 31 मई तक आयोजित 8 दिवसीय जीवन संस्कार शिविर में देशभर से आए बालक-बालिकाएं धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिविर संघ हितचिंतक परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री निपुण रत्न सूरीश्वर जी महाराज साहब, प्रन्यास प्रवर श्री राज रत्न सूरीश्वर महाराज साहब एवं प्रन्यास प्रवर श्री निराग रत्न सूरीश्वर महाराज साहब आदि ठाणा की पावन निश्रा में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में लगभग 200 शिविरार्थी सहभागिता कर रहे हैं, जिन्हें धर्म, संस्कृति एवं जीवन मूल्यों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षित किया जा रहा है। रतलाम, मंदसौर एवं नीमच जिलों से भी 50 से अधिक बच्चे शिविर में भाग ले रहे हैं। इसके अलावा उदयपुर, जयपुर, निंबाहेड़ा, जोधपुर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों से भी बड़ी संख्या में बालक शिविर हेतु पहुंचे हैं। प्रतिदिन शिविर में प्रतिक्रमण, स्नात्र पूजा, बौद्धिक चर्चा, धार्मिक खेल एवं प्रभु भक्ति जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर के पांचवें दिन 'करुणा दिवस' के अवसर पर 16 बच्चों ने आयंबिल तप कर अबोल जीवों के प्रति संवेदना और करुणा का संदेश दिया। आयोजकों के अनुसार आगामी 30 मई को सभी बालकों को प्रात: 5 बजे भाव यात्रा के साथ पैदल किला मंदिर ले जाया जाएगा, जहां विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। मंदसौर से कल्याण मित्र परिवार के सदस्य भी शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। गुरुकुल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश वीरानी एवं सचिव के.एम. जैन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक जागरूकता, अनुशासन एवं संस्कारों का विकास करना है।

## प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया श्रमदान और स्वच्छता कार्यक्रम

**मंदसौर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नेहरू बस स्टैंड के नेहरू पार्क में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा आधुनिक भारत के निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना तथा विकासशील राष्ट्र की मजबूत नींव रखने में दिया गया योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता एवं जनसेवा का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नरेन्द्र नाहटा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर, वरिष्ठ नेता प्रकाश रातड़िया, सोमिल नाहटा, राजेश रघुवंशी, कांतिलाल राठौर, यूनुस मेव, हनीफ शेख, मंजीत सिंह टुटेजा, अजय लोढ़ा, दिलीप देवड़ा, आसिफ छिपा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा, रफत पयामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। अंत में सभी कांग्रेसजनों ने स्वच्छता बनाए रखने एवं जनसेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया।

# 60 किलो डोडाचूरा सहित दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत वायडी नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महू-नीमच फोरलेन हाईवे से 60 किलो डोडाचूरा सहित दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से एक महिंद्रा बोलेरो जीप एवं दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल व सीएसपी जितेंद्र भास्कर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर 27 मई को महू-नीमच हाईवे पर नाकाबंदी की। इस दौरान ग्रे मेहंदी रंग की महिंद्रा बोलेरो को रोककर तलाशी ली गई।

पुलिस को देखकर वाहन में सवार दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बोलेरो में रखे तीन प्लास्टिक कट्टों से 60 किलो अवैध




डोडाचूरा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान निवासी हीरवसिंह राजपुरोहित (31) एवं बाबूसिंह राजपुरोहित (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी डोडाचूरा कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने जा रहे थे। कार्रवाई में थाना वायडी नगर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## 'सेवा, स्नेह और मानवता के साथ मनाया मास्टर विहान का जन्मदिवस

**मंदसौर।** भारतीय जैन संगठना (बीजेएस) मंदसौर चैप्टर के तत्वावधान में ग्रुप के गुरु श्रीमती हेमा हिंगड के प्रिय पोते मास्टर विहान जयेश हिंग? का जन्मदिवस शहर स्थित अपना घर अनाथ आश्रम में ब? ही स्नेह, सेवा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गई तथा उन्हें मिठाई, फल एवं उपयोगी सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित हेमा हिंगड़, सुनीता बंडी, ललिता मेहता एवं स्वाती रिछावरा ने बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें प्रेम एवं अपनत्व का एहसास कराया। सभी ने मास्टर विहान को उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर समाजसेवा एवं मानवता का संदेश देते हुए कहा गया कि जन्मदिन जैसे विशेष अवसर जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाने से खुशियां कई गुना बढ़ जाती हैं। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत भावुक एवं आनंदमय रहा।

बीजेएस अध्यक्ष श्वेता पोरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सेवा एवं संस्कार से जुड़े ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ मानवता की भावना को भी सशक्त करते हैं।



## भानपुरा थाना पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च

**भानपुरा। आगामी त्यौहारों एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आज भानपुरा नगर के मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस अधीक्षक मन्दसौर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया गरोठ के निर्देशानुसार एसडीओपी गरोठ और थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक आर.सी. डांगी के नेतृत्व मेंफ्लैग मार्च निकाला गया।**

फ्लैग मार्च में नायब तहसीलदार भानपुरा सहित थाना भानपुरा, गरोठ एवं गांधीसागर का पुलिस बल शामिल रहा। मार्च के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्र एवं संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों से आगामी त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने एवं संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

**एक नजर** ▶ सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने पोरवाल परिवार के सहयोग से रोटी बैंक में कराया भोजन

## खुशियों को जरूरतमंदों के साथ बांटने से दिन बन जाता है विशेष : विनाली मेहता

**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में श्रीमती कुसुम-महेश पोरवाल के परिणय दिवस के उपलक्ष्य में पोरवाल परिवार के विशेष सहयोग से स्थानीय गांधी चौराहा स्थित रोटी बैंक में निर्धन, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से पोरवाल परिवार ने अपने जीवन के इस मांगलिक अवसर को परमार्थ के रंग में रंग दिया।

इस सेवामयी आयोजन के दौरान सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन में उत्सवों और खुशियों के क्षण बार-बार आते हैं, लेकिन उन खुशियों की सार्थकता तभी है जब हम




उन्हें समाज के अंतिम छोर पर ख? व्यक्ति के साथ साझा करें। अपनी व्यक्तिगत खुशियों को जरूरतमंदों के साथ बांटने से मन को जो असीम संतोष और अलग ही खुशी मिलती है, उसकी तुलना किसी अन्य भौतिक सुख से नहीं की जा सकती। श्रीमती मेहता ने पोरवाल परिवार के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समाज के हर सक्षम परिवार को अपने पारिवारिक उत्सवों, जन्मदिन और वर्षगांठ जैसे अवसरों पर ऐसे सेवा कार्यों का संकल्प लेना चाहिए, ताकि समाज में कोई भी व्यक्ति खुद को असहाय महसूस न करे।

इस पुनीत अवसर पर सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की मंत्री पूर्णिमा चोरड़िया, नीमा जैन, अलका जैन, कोषाध्यक्ष प्रीति नगरीवाला, सहमंत्री किरण जैन व सुनीता पामेचा, तृप्ति अग्रवाल, नीलु पाटनी, पूर्व महामंत्री सुनीता बंडी, अंगुरबाला पितलिया तथा सक्रिय सदस्य रंजना जैन आदि उपस्थित रही।

# नीमच

### एक नजर में

## मनासा में कांग्रेस का प्रदर्शन स्थगित, प्रशासन के अनुमति नहीं देने पर भड़के कांग्रेसी, पूर्व मंत्री बोले : अब करेंगे बड़ा आंदोलन



**नीमच।** जिले के मनासा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता पर अत्याचारों के विरोध में 29 मई को होने वाला प्रदर्शन फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा और जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने घोषणा की कि अब यह आंदोलन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस ने पहले 29 मई को मनासा थाने के घेराव का कार्यक्रम तय किया था, जिसे बाद में आम सभा में बदल दिया गया। हालांकि, प्रशासन ने सुरक्षा और प्रतिबंधात्मक आदेशों का हवाला देते हुए कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि स्थानीय भाजपा विधायक माधव मारू के राजनीतिक दबाव में आकर प्रशासन ने विपक्ष की आवाज दबाने के लिए यह कदम उठाया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि मनासा विधानसभा क्षेत्र अवैध गतिविधियों का गढ़ बन चुका है। उन्होंने करोड़ों के जमीन घोटाले, अवैध हथियार निर्माण और एमडी ड्रग्स फैक्ट्रियों के भंडाफोड़ का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि रेत उत्खनन और अवैध कॉलोनाइजिंग के खेल को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है। बाहेती ने सवाल उठाया कि आखिर किस आधार पर सिर्फ नीमच जिले में ही धारा 144 लगाकर लोकतांत्रिक विरोध को रोका जा रहा है। इस दौरान पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि कार्यकर्ताओं पर दर्ज झूठे मुकदमों और खिमला प्लांट की अवैध गतिविधियों का विरोध करने वालों पर हो रही दमनकारी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जो सत्ता के दबाव में बेगुनाह लोगों को निशाना बना रहे हैं, उनके कारनामों का सबूतों के साथ खुलासा किया जाएगा।

## अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा 58 वर्ष में की जा रही सेवानिवृत्ति अवैध, औद्योगिक न्यायालय इंदौर का अहम निर्णय

**नीमच।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू के प्रदेश सचिव कामरेड शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि दिनांक 13 मई 2026 माननीय औद्योगिक न्यायालय इंदौर द्वारा दो मामलों में अल्ट्राटेक सीमेंट खोर, तहसील जावद जिला नीमच के प्रबंधन द्वारा 58 वर्ष की उम्र में फैक्ट्री श्रमिकों टेक्नीशियनों और कर्मचारीयों की की जा रही सेवानिवृत्ति को अवैध और अनुचित माना है। फैक्ट्री में कार्यरत दीपक कुलश्रेष्ठ एवं उद्यमी राम जाट की 58 वर्ष की आयु में की गई सेवानिवृत्ति को दोनों श्रमिकों ने औद्योगिक न्यायालय में चुनौती दी थी। प्रकरण की पूर्ण सुनवाई के पश्चात माननीय औद्योगिक न्यायालय द्वारा इन दोनों की सेवानिवृत्ति को न्यायालय ने अनुचित और अवैध माना है। कामरेड ठाकुर ने बताया कि याद रहे यूनियन के लंबे संघर्ष के पश्चात मध्य प्रदेश सरकार ने 28 जून 20 14 में मध्य प्रदेश मानक स्थाई आदेश में औद्योगिक श्रमिकों की सेवानिवृत्ति की आयु को 58 वर्ष के स्थान पर 60 वर्ष किया था। 25 अक्टूबर 2014 में मध्य प्रदेश सरकार के राजपत्र में भी अधिसूचना जारी कर दी गई थी। किंतु अल्ट्राटेक सीमेंट द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के उपरोक्त राजपत्र को न मानते हुए मनमानी कार्रवाई करते हुए अपने यहां के तमाम श्रमिकों को लगातार 58 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में भी कई श्रमिक औद्योगिक न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ डबल बेंच से भी अपने प्रकरण जीत चुके हैं। किंतु अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन का मनमाना रवैया अभी तक जारी है। हाईकोर्ट से जीते हुए प्रकरणों के विरुद्ध अपील करने सीमेंट प्रबंधन सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है।



# सोनडी में दो पक्षों में संघर्ष, महिला-विकलांग सहित 8 घायल

▶ **शासकीय जमीन पर खाद हटाने को लेकर विवाद**

**नीमच। जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सोनडी में 26 मई की रात शासकीय जमीन पर गोबर खाद की रोड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस संघर्ष में महिला और विकलांग सहित 8 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय नीमच रेफर किया गया है।**

पीड़िता राधा बाई पति गोमा बंजारा ने शिकायत में बताया कि उनके घर पर एक पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान गांव के अमर सिंह, वकील और मोतीलाल बंजारा जबरन रोड़ी हटाने लगे। पीड़ित परिवार ने मेहमानों की मौजूदगी का हवाला देते हुए उनसे बाद में रोड़ी हटाने का आग्रह किया, जिस पर आरोपी भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे।

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में गोमा बंजारा के सिर में पत्थर लगने से गंभीर चोट आई, जिसमें 16 टांके लगे हैं। बीच-बचाव करने आए दुलीचंद, राहुल, बाला बाई, रायसिंह, छगन, मथरी बाई और विकलांग केशुराम भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद पीड़ित परिवार गुरुवार को न्याय की गुहार लेकर नीमच एसपी कार्यालय पहुंचा। उन्होंने एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया को एक लिखित आवेदन सौंपकर सुरक्षा की मांग की। पीड़िता राधाबाई ने आरोप लगाया है कि आरोपी अब अस्पताल में भी आकर पुलिस रिपोर्ट वापस लेने और राजीनामा करने की धमकियां दे रहे हैं।

आरोपी बना रहे हमले की योजना

आवेदन में यह भी बताया गया है कि आरोपी पक्ष के लोग धारदार हथियार और तलवारें लहराते हुए बाइक्स पर घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि आरोपी अपने करीब 200 रिश्तेदारों को इकट्ठा करके उनके मकानों को तोड़ने और जनधन की हानि पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## प्रस्तावित निर्माण 13 से 6 मीटर करने के बावजूद विरोध कायम

▶ **फोरलेन निर्माण पर फिर गहराया विवाद : माधवपुरी बालाजी मंदिर का हिस्सा तोड़ने की सुगबुगाहट से भड़का जन आक्रोश**

**नीमच।** शहर में चल रहे सिटी फोरलेन निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है। प्राइवेट बस स्टैंड के समीप स्थित प्राचीन माधवपुरी बालाजी मंदिर के हिस्से को तोड़े जाने की आशंका के चलते बड़ी संख्या में बालाजी भक्त मंदिर परिसर में एकत्रित हुए।

श्रद्धालुओं ने मौके पर एक आवश्यक बैठक आयोजित कर इस पर कड़ा विरोध जताया और प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मंदिर को पूरी तरह सुरक्षित रखने की पुरजोर मांग की। श्रद्धालुओं का कहना है कि पूर्व में भी इस मामले को लेकर तीखा विरोध हुआ था। उस समय प्रस्तावित पुलिया निर्माण में मंदिर की ओर करीब 13 मीटर तक निर्माण बढ़ाने की बात सामने आई थी। तब विरोध करने पर प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया था कि मंदिर की एक इंच जमीन भी प्रभावित नहीं होने दी जाएगी। लेकिन अब, अचानक सामने आई नई ड्राइंग में करीब 6 मीटर निर्माण मंदिर की ओर किए जाने की बात उजागर हुई है, जिससे श्रद्धालुओं में दोबारा नाराजगी फैल गई है।

बैठक में मौजूद लोगों ने आरोप लगाया कि वर्तमान पुलिया पहले से ही सड़क की ओर पर्याप्त स्थान घेर चुकी है। अब यदि मंदिर की ओर निर्माण और बढ़ाया गया, तो भक्तों के लिए मंदिर तक पहुंचने का रास्ता पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा। श्रद्धालुओं का कहना है कि वर्तमान में भी मंदिर तक पहुंचने के लिए नीचे उतरकर दर्शन करने पड़ते हैं। यदि और हिस्सा तोड़ा गया, तो मंदिर की मूल संरचना और जनआस्था दोनों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। भक्तों ने तर्क दिया कि जब शहर में अन्य धार्मिक स्थलों को बचाते हुए वैकल्पिक निर्माण किए गए हैं, तो माधवपुरी बालाजी मंदिर के साथ भेदभाव क्यों इसे भी सुरक्षित रखते हुए पुलिया को दूसरी ओर शिफ्ट किया जाना चाहिए। विवाद की स्थिति को देखते हुए मौके पर पहुंचे ठेकेदार पक्ष के कर्मचारियों ने स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया।

**एक नजर** ▶ गऊ नंदी सेवा धाम उपचार शाला में दंपती ने पेश की सेवा की अनूठी मिसाल

# भीषण गर्मी में बीमार गौवंश के लिए भेंट किया कूलर

**नीमच।** सेवा, संवेदना और गौभक्ति का एक मार्मिक एवं प्रेरणादायी उदाहरण शहर में देखने को मिला है। यहाँ एक गौभक्त दंपत्ति ने अपनी शादी की सालगिरह को किसी तामझाम के साथ मनाने के बजाय एक अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने भीषण गर्मी के इस दौर में बीमार और घायल गौवंश को राहत पहुँचाने के लिए एक कूलर भेंट कर मानवता और करुणा का संदेश दिया।

**उत्सव नहीं, जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है विशेष अवसर**–अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को यादगार बनाने वाले गौसेवक का कहना था कि जीवन



के विशेष अवसर केवल उत्सव मनाने के लिए नहीं होते, बल्कि समाज और मूक जीवों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम भी होने चाहिए। उनके इस संवेदनशील विचार और कार्य की उपचार शाला में मौजूद सभी लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए एक बेहद प्रेरणादायी पहल बताया। वर्तमान में भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के कई गौसेवक लगातार आगे आ रहे हैं। कोई हरी सब्जियां उपलब्ध करवा रहा है, तो कोई फल, चारा और दवाइयों की व्यवस्था कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बन रहा है। गौ सेवा समिति नीमच के पदाधिकारियों ने इस सेवा भावना के लिए दानदाता परिवार का आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि समाज के सहयोग और जनभागीदारी से ही निराश्रित गौवंश की बेहतर देखभाल संभव हो पा रही है। इसके साथ ही समिति ने अन्य शहरवासियों से भी अपील की है कि वे आगे आएं और इस पुण्य अभियान में सहभागी बनें ताकि असहाय और बीमार गौवंश को सुरक्षित व बेहतर जीवन मिल सके।

▶ **कड़कती धूप में तड़पते गौवंश को मिलेगी राहत**

यह भावपूर्ण सेवा कार्य पुराना चमड़ा कारखाना परिसर स्थित गऊ नंदी सेवा धाम उपचार शाला×प्त39; में किया गया। इस केंद्र में निराश्रित, घायल, बीमार और विकलांग गौवंश का उपचार एवं पालन-पोषण किया जाता है। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण यहाँ उपचाररत गौवंश को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में इस दंपति द्वारा भेंट किया गया कूलर इन बेजुबान और बीमार जीवों के लिए बड़ी राहत बनेगा।